हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 साधन संपन्न किसान रोपाई में जुटे बारिश की...

12 शिव महापुराण कथा में शामिल हुए राजेश्री महंत ...




CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |



निःशुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

### जिला मुख्यालय में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हुई श्रद्धांजलि सभा

# डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता को सदैव सर्वोपरि माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





महान शिक्षा विद प्रखर राष्ट्रवादी विचारक भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शहर मंडल के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं किसान राइस मील व्यवसायिक परिसर पहुंचकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर पुष्पहार एवं श्रीफल अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वहां मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता एवं एकता को रखने के लिए साहस और पुरूषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धा पूर्वक याद किया जावेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी को राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू कश्मिर और पश्चिम बंगाल को भारत विभिन्न हिस्सा बनाये रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने जन संघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचार धारा प्रस्तुत की जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, न.प. अध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक पूर्व जनपद अध्यक्ष नंद कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी, नरेश केसरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, मंडल महामंत्री द्वय संजय श्रीवास, महेन्द्र साहू, भाजपा नेता राहुल सोनी, नगर ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### जनप्रतिनिधियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाल

पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने उस समय कांग्रेस सरकार की नीतियों से असहमति जताते हुए भी गांधीजी के आव्हान पर स्वतंत्र भारत की पहली सरकार में सेवा दी। लेकिन विचार धारा की दृढ़ता के चलते उन्होंने जन संघ की स्थापना की। इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व न.पं अध्यक्ष नंदकुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी, नरेश केसरवानी ने भी श्रद्धांजलि सभा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाले।

## टेलर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सदर बाजार स्थित मारवाड़ी कुएं के पास एक टेलर की दुकान में शनिवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त दुकान कपड़ा टेलर वेदकुमार देवांगन की है, जो फिलहाल गोदाम के रूप में उपयोग की जा रही थी। वेदकुमार ने बताया कि किसी कारणवश दुकान में विद्युत शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे वहां रखे कपड़ों में आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, लेकिन स्थानीय लोगों की सूझबूझ से तुरंत अग्निशमन वाहन को सूचना दी गई।

अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे आसपास की अन्य दुकानों और घरों में आग नहीं फैल सकी। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है

## 14 लीटर शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**लवन**। समाधान सेल में प्राप्त सूचना पर पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 14 लीटर अंग्रेजी मसाला शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 8 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने कोचिया की बाइक भी जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 जून को समाधान सेल में सूचना मिली की ग्राम दतान खैरा में 19 वर्षीय मिथलेश निशाद शराब की अवैध बिक्री करता है। लवन पुलिस टीम दतान पहुंची और युवक की घेराबंदी ▶▶ शेष पेज 11 पर

### खबर संक्षेप

#### शराब पीकर वाहन चलाते 9 चालकों के वाहन जब्त



**बलौदाबाजार**। यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 9 चालकों पर करते हुए उनके वाहन जब्त किए। चेकिंग अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा भारी वाहन, चारपहिया एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई है। जब्त वाहनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस ने 22 जून को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 9 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जब्ती की कार्रवाई की गई।

#### करंट से युवक मृत

**महासमुंद**। सिरपुर चौकी अंर्तगत आज सुबह शौच करने जा रहे एक युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सिरपुर निवासी नेतराम चक्रधारी (23) आज सुबह शौच के लिए खेत जा रहा था। इसी दौरान वह गांव के ही टुकेश चक्रधारी के खेत में लगे फैंसिंग तार को पार कर रहा था।

## रिसार्ट के अपशिष्ट से तालाब का पानी प्रदूषित, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



विकासखंड कसडोल के ग्राम बरबसपुर के सैकड़ों ग्रामीण ग्राम में संचालित हो रहे तराक्षु रिसोर्ट से हो रही परेशानी को लेकर तहसील कार्यालय कसडोल पहुंचे, जहां नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बरबसपुर में तराक्षु नाम का रिसोर्ट है जो कि रायपुर निवासी द्वारा बनाया गया है। लेकिन यहां किसी तरह का गंदा पानी और अपशिष्ट पदार्थों को नष्ट करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।यहां रिसोर्ट का गंदा पानी का निकासी ग्राम के निस्तारी तालाब में की जा रहा है। जिस तालाब में ग्रामवासी नहाते धोते हैं, वहां गंदा पानी की ▶▶ शेष पेज 11 पर

#### कलेक्टर को भी दिया आवेदन

ग्राम बरबसपुर में चल रहे रिसाट द्वारा होटल के अपशिष्ट एवं गंदे पानी को निस्तारी तालाब में डालने एवं घास जमीन को कब्जा के उद्देश्य से घेरने से ग्रामीण आक्रोशित है। इस पर शीघ्र कार्रवाई करने कलेक्टर को आवेदन दिए हैं। ग्राम पंचायत खैरा (ब) के आश्रित ग्राम बरबसपुर में रिसॉर्ट द्वारा की जा रही मनमानी से ग्रामीण आक्रोशित है और सरपंच हिमाचल पटेल सहित गांव के अन्य प्रमुख मोहन पटेल, पेखन ध्रुव, जीवन ध्रुव, हेम राम ध्रुव, जौहरी बाई पटेल, रूपा यादव, उर्मिला ध्रुव, डोमार ध्रुव, प्यारे लाल पटेल, चिरावन ध्रुव, कली राम ध्रुव, अग्नू ध्रुव सहित एवं 50 व्यक्ति लोगों ने एसडीएम से शिकायत करने पहुंचे लेकिन उनके रायपुर प्रवास होने के कारण ईश्वर केवट नायब तहसीलदार को आवेदन दिए।

#### शिकायत मिली है

ग्राम बरबसपुर के सरपंच और ग्रामीणों ने रिसॉर्ट के खिलाफ शिकायत की है, जांच कराकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जायेगी।

-**ईश्वर केंवट**, नायब तहसीलदार

#### रिपॉर्ट का पानी नाले से बाहर जा रहा

ग्रामीणों द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे है, सब निराधार है, जो पानी रिसॉर्ट से निकल रहा वो पूर्व में बने नाला के माध्यम से बाहर जा रहा है। कोई भी अपशिष्ट पदार्थ खुले या बाहर में नही फेंका जाता। हमारा रिसॉर्ट नीड एंड क्लीन है, इसके लिए अवॉर्ड प्रशासन बलौदाबाजार की तरफ से मिल चुका है। रिसॉर्ट से स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है।

-**संजय सेट्ठी**, प्रबंधक, तराक्षु रिसॉर्ट, बरबसपुर

### बजरी डालकर सड़क को बनाया चलने लायक

## कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने खैरी के ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खैरी में सड़क की हालत चिंताजनक है। ग्रामीण ईंट का राबिस डालकर मार्ग को चलने लायक बना रहे हैं। बता दें कि ग्राम खैरी निवासी तालाब जाने तथा ग्रामीणों के दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाले सम्पूर्ण सामग्री जो नगर पंचायत रोहासी पर निर्भर है, वहां जाने के लिए ग्रामीणों को शुरुआत के हल्की बरसात में ही सड़कें अब चलने लायक नहीं रही। घासीदास चौक से तालाब पार तक 100 मीटर सीसीरोड कीचड़युक्त है। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला खैरी जाने वाला रास्ता भी खस्ताहाल है। संरपच, ग्रामीणों के आवेदन देने के बाद भी शासन की समाधान शिविर में कोई हल नहीं निकला। साथ ही आसपास के ग्राम धमनी, मुडियाडीह दोनों गांवों के ग्रामीणों को खैरी से होकर नगर पंचायत रोहासी स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने तथा ग्रामीण महिलाओं को खैरी के कच्ची, कीचड़युक्त रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। रात्रि में दुपहिया वाहन सवार अक्सर कीचड़ में गिरकर चोटिल होते हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या के बारे में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन खैरी के ग्रामीण आज भी सड़क जैसी मूल भूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं।

इस समस्या पर मनीष घृतलहरे जिलाध्यक्ष भीम क्रांतिवीर ने कहा कि बारिश के दिनों में किचड़युक्त गड्ढे पानी से मच्छर पनपते हैं जिससे बीमारी का खतरा बना रहता है तथा न सड़क, स्ट्रीट लाइट सुविधा उपलब्ध है,मेन रोड तक रास्ता इतना कीचड़ युक्त हो जाता है कि कई घर के सामने घुटने से भी ऊपर गड्ढे बने है उसी रास्ते से ग्राम खैरी के बच्चे कि पैदल चलकर प्राथमिक शाला खैरी पढ़ने जाते हैं चलना भी मुश्किल हो जाता है और बारिश के दिनों में कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो जाते हैं। ग्राम पंचायत खैरी चितरेखा ,लक्ष्मीनारायण घृतलहरे द्वारा शासन से कोई उम्मीद नहीं मिलने के बाद ग्रामीणों कि समस्याओं को ध्यान में रखते हुए श्रमदान कर रोजगार सहायक, कोटवार, पंच, युवाओं द्वारा बजरी, राबिस डालकर चलने लायक बनाया है।



# पहली बार व्यापम भर्ती में 96% उपस्थिति, पूछा-'रातभर गाड़ी जोते, कुकदा के कुकदा' का अर्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को राहत की सांस ली। परीक्षा शुल्क माफ किए जाने के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब किसी भर्ती परीक्षा में उपस्थिति 96% रही। व्यापम द्वारा रविवार को नगर सैनिक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके लिए पूरे राज्य से 18 हजार 500 आवेदन मिले थे।

नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के अंतर्गत यह भर्ती निकाली गई थी। जारी विज्ञापन के अनुसार, इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से स्वयं सेवी नगर सैनिक के 500 पद तथा महिला नगर सैनिक के 1715 पदों पर भर्ती होगी। पिछले साल 10 जुलाई से 10 अगस्त तक इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के लगभग 10 माह बाद यह परीक्षा रविवार को आयोजित हुई। परीक्षा एक ही पाली में सुबह 10 से 12.15 बजे तक हुई। रायपुर में इसके लिए 10 केंद्र बनाए गए थे। जिले के 4140 अभ्यर्थियों ने इस भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन किया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व उपस्थित रहने निर्देश दिए गए थे। पिछले सप्ताह आयोजित सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा में कुछ मिनट विलंब से पहुंचने के कारण 15 अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित रहना पड़ा था। ऐसे में इस बार परीक्षार्थी भी समय को लेकर पाबंद दिखे।

हरिभूमि सरोकार

### आसान रहे सामान्य ज्ञान के सवाल

परीक्षार्थियों से 100 सवाल पूछे गए। इनमें से प्रारंभिक 50 प्रश्न छग के सामान्य ज्ञान और छत्तीसगढ़ी भाषा पर आधारित रहे। इन सभी सवालों का स्तर आसान रहा। अंतिम 50 प्रश्न गणितीय कौशल और एप्टिट्यूड के रहे। एप्टिट्यूड के सवाल सामान्य रहे, लेकिन गणित के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को परेशान किया। इन्हें हल करने में सर्वाधिक समय लगा। नकल प्रकरण या इस तरह की कोई अन्य शिकायत रविवार रात तक व्यापम को प्राप्त नहीं हुई।



- राज्यभर के 18 हजार 500 युवाओं ने किया था आवेदन, एक पाली में हुई परीक्षा
- स्वयं सेवी नगर सैनिकों के 500 पद तथा महिला नगर सैनिक के 1715 पदों के लिए हुई परीक्षा

### इस तरह के सवाल

- जनजातीय विद्रोह- हल्बा, मुड़िया, भूमकाल, परालकोट और कोई को क्रमबद्ध रूप से जमाइए।
- अंग्रेजों ने छग के गांवों में कर वसूली के लिए किए पद का सृजन किया था?
- बस्तर पंडुम का क्या अर्थ है?
- भारतीय खाद्य निगम के कार्य बताइए।
- 'रात भर गाड़ी जोते, कुकदा के कुकदा' मुहावरे का अर्थ।
- मटासी, डोरसा और कन्हार किसके प्रकार हैं?
- पंचायत सचिव की नियुक्ति कौन करता है?
- छग के सुंदर गांव की विशेषता।
- छग में मानव अधिकार आयोग का गठन कब हुआ?
- छग के किस जिले में थर्मल सुपर पॉवर है?

## खबर संक्षेप

### स्कूली बच्चों को कॉपी और शैक्षणिक सामग्री वितरित



**रायपुर।** चरामेति फाउंडेशन ने शिक्षा सेवा के अंतर्गत खोखोपारा पुरानी बस्ती स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के बीच कॉपियों सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया। इसी दौरान काव्या, त्रिषा, भूमिका, कुबेर, श्याम, मयंक सहित समस्त छात्रों ने सत्र 2025-26 के प्रथम सप्ताह में ही शैक्षणिक सामग्री प्राप्त होने पर खुशी जताई । इस अवसर पर राजेंद्र ओझा, नीलेश अग्रवाल, जितेंद्र दामा, डॉ. शीला गोयल, डॉ. जेके गोयल, सुभाषिनी जतिंदर भनोट, प्रेमनारायण सोलंकी, डॉ. मृणालिका ओझा, जीपी अखिलेश, रोशन बहादुर सिंह आदि शामिल थे।

### पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का लोकार्पण

रायपुर। श्री रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट ने रविवार को एक अत्यंत भव्य कार्यक्रम के साथ ही 'पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन' का लोकार्पण किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल प्राचीनतम बूढ़ेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने महादेव की पूजा-अर्चना की और फिर नवनिर्मित पुष्करणा ब्राह्मण सभा सदन का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपनी प्रत्यक्ष सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसी दौरान बतौर अतिथि पहुंचे राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने भी श्री रायपुर पुष्टिकर समाज के सृजनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित विभिन्न ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्बोधन में श्री रायपुर पुष्टिकर समाज के रचनात्मक दृष्टिकोण और परिणाम स्वरूप बने भवन की प्रशंसा की।

### एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 24 को

**धमतरी।** राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता 28 से 29 जून तक रायपुर विवेकानंद कोटा स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें हिस्सा लेने जिलास्तरीय चयन ट्रायल 24 जून मंगलवार को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में होगी। उम्र वेरिफिकेशन हेतु आधार कार्ड के साथ 100 रूपए पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। खिलाड़ियों को सुबह 6 बजे आना होगा। यह जानकारी अध्यक्ष रितिका यादव, कोच टिक्की निर्मलकर ने दी।

## खेती किसानी : सीमित पानी में भी खेतों को तैयार कर बिचड़ों की रोपाई

# साधन संपन्न किसान रोपाई में जुटे बारिश की अनिश्चितता बनी बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अंचल में मानसून की दस्तक के बाद कुछ क्षेत्रों में हुई प्रारंभिक बारिश के आधार पर धान की रोपाई कार्य की शुरुआत हो गई है, लेकिन अब तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण केवल साधन संपन्न किसान ही इस कार्य को गति दे पा रहे हैं। ग्राम भालेसुर के किसान जागेश्वर वर्मा सहित कई किसानों ने अपने निजी संसाधनों के बलबूते खेतों में धान की रोपाई शुरू कर दी है। इन किसानों के पास निजी सिंचाई साधन जैसे बोरिंग, पंपसेट, ट्रैक्टर और मजदूरों की सुविधा उपलब्ध है, जिससे वे सीमित पानी में भी खेतों को तैयार कर बिचड़ों की रोपाई कर पा रहे हैं। दूसरी ओर छोटे और सीमांत किसान बारिश की प्रतीक्षा में खेतों की तैयारी अधूरी छोड़कर मौसम की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। ग्राम भालेसुर, मोहरा, हिरमी व बरडीह क्षेत्र में जहां-जहां किसान संसाधनों से सुसज्जित हैं, वहां खेतों में हलचल नजर आने लगी है। खेतों में महिलाएं पानी में घुटनों तक उतरकर धान के बिचड़े रोप रही हैं, वहीं पुरुष खेतों की जुताई और पानी की व्यवस्था में लगे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर अच्छी बारिश होती तो सभी किसान एक साथ रोपाई कर पाते, लेकिन अब वर्षा की अनिश्चितता और पानी की कमी से अधिकांश छोटे किसान असमंजस की स्थिति में हैं। धान की रोपाई भले ही शुरुआत में है, लेकिन इस बार वर्षा की बेरुखी ने फिर से किसानों की चिंता बढ़ा दी है।





### धान बुवाई से लगातार हो रही बारिश

**मुंडा।** बलौदा बाजार क्षेत्र के अंतर्गत मुंडा, बरदा, पैजनी, कोलिहा, चिरपोटा, जामडीह, कोहरैद, ढनढनी के आसपास क्षेत्र में धान बुवाई का कार्य पूर्ण होते ही लगातार रिमझिम बारिश हो रही है। इसे धान जमाई के लिए विशेष अनुकूल बारिश बताया जा रहा है। वहीं आसपास क्षेत्र के किसान मेलाराम रजक, उमाशंकर वर्मा, डॉ. परमेश्वर साहू, महेंद्र वर्मा, जुगनू घतलहरे, दिनेश जोशी, घना जोशी, सरोज वर्मा, यावत वर्मा, राधा कृष्ण वर्मा, नरेंद्र वर्मा, गिरवर प्रसाद वर्मा, नरेंद्र वर्मा, विशवा वर्मा, हेमंत वर्मा, पूलस वर्मा, पीलाराम वर्मा ने बताया इसी तरह रिमझिम बारिश होते रहे तो बियासि योग्य हो जाएगा। वहीं रिमझिम बारिश से तापमान कम होने व उमस गर्मी से राहत मिली है।



## सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन, 7 लोगों पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत बालसमुन्द के समीप सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन कर सामाजिक माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा सख्त अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में 7 लोगों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है, जबकि 18 अन्य लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी पटेल ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि शाम के समय कुछ असामाजिक तत्व बालसमुन्द के पास सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और स्थानीय नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय जनता की सुरक्षा और सार्वजनिक अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से इस अभियान को अंजाम दिया गया। पुलिस द्वारा ऐसे स्थानों की लगातार निगरानी की जा रही है, जहां असामाजिक गतिविधियां संचालित होने की आशंका है। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी इस प्रकार की गतिविधि दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रखेगी, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था कायम रह सके।

- 18 अन्य लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई

### जेसीपी में जरवाय के लोगों ने ली सदस्यता

**रायपुर।** जबर सदस्यता जुराव कार्यक्रम के तहत रविवार को जरवाय और रामकुंड के निवासियों ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। शहर अध्यक्ष गोपी साहू एवं जेसीपी रायपुर महिला उपाध्यक्ष ऋचा वर्मा के नेतृत्व में सदस्यता ली है। साथ ही रामकुंड स्थित शीतला तालाब की भूमि पर हो रहे कब्जे को लेकर रायपुर महिला उपाध्यक्ष ऋचा वर्मा ने वार्डवासियों के हित में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। वे कहती हैं कि छत्तीसगढ़ियों के हित में वे चौबीसों घंटे सेवा देने तत्पर हैं। उन्होंने बताया कि जेसीपी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल बताते हैं, राज्य बनने के 25 बछर होने के बाद भी छत्तीसगढ़िया लोग दोयम दर्जे की जिंदगी जी रहे हैं। छत्तीसगढ़िया लोगों को प्रथम दर्जे में लाने के लिए पार्टी हर वो उपाय करेगी।

### उमेश बने वटगन महाविद्यालय जनभागीदारी के अध्यक्ष



**पलारी।** जनपद सदस्य एवं सभापति सहकारिता विभाग के उमेश यदु वटगन महाविद्यालय जनभागीदारी के अध्यक्ष बने। वे अपने कार्यकर्ताओं वरिष्ठजनों के साथ नवीन महाविद्यालय वटगन प्राचार्य से मिले एवं महाविद्यालय के संबंध में विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा नवनियुक्त जनभागीदारी समिति अध्यक्ष यदु का स्वागत किया, जिसमें नाथूराम वर्मा मंडल कोषाध्यक्ष, पंचराम वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, कुणाल सेन, रोहित साहू, बंधु वर्मा, पंचराम वर्मा , जवाहर वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, रामू चंद्राकर, शिवचरण वर्मा, महेंद महिलांग हरबंश, ओमप्रकाश, सालिक साहू आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस को अधिक मजबूत करने जांगिड़ ने दिए टिप्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने एवं आगामी रणनीति तय करने पर विचार किया गया। श्री जांगिड़ ने कहा, कांग्रेस पार्टी का आधार कार्यकर्ता हैं। मजबूत संगठन ही जनहित के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठा सकता है।

## प्रवेशोत्सव पर छात्रों को वितरित किए गए गणवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शाला प्रवेश उत्सव प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला छेरकाडीह, संकुल जारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शिक्षाविद की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित मनाया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा सभी बच्चों का गुलाल टीका से स्वागत कर उन्हें गणवेश प्रदान किया गया। मनोज आडील द्वारा प्रथम आने वाले बच्चों को इनाम राशि दी गई। मध्यान भोजन में मिठाई मीठा चावल एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा सभापति मनोज कुमार आडील जनपद पलारी, सरपंच डॉ. जयंत कुमार साहू, समिति अध्यक्ष एवं सदस्य रमनलाल कमल, बलराम साहू, रतनु निषाद, बसंत निषाद, कुंती निषाद उपसरपंच, अभयराम निषाद भाजपा प्रमुख, रूपेश्वरी साहू पंच, कांति साहू, मंजू यादव पंच, मानसिंह साहू पंच, मनहरन निषाद पंच,पूर्णिमा दास जांगडे पंच एवं पालकों के साथ सभी शिक्षक उपस्थित थे।





## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राष्ट्रवादी एवं जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस ग्राम दर्रा में मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य मेलाराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया औरमुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभी ने श्री मुखर्जी द्वारा जनसंघ पर किए गए कार्यों की विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, जिला प्रतिनिधि दिलहरण जायसवाल, महामंत्री दवय रामचंद्र ध्रुव एवं अनिल श्रीवास, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त्य, पार्षद एवं महाविद्यालय के अध्यक्ष पुनेश्वर नाथ मिश्रा, पार्षद भगवती साहू, कार्यकर्ता धनंजय साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## बिजली नियामक आयोग ने पहली बार दिया एक और मौका

# एक बार फिर 30 को बिजली के नए टैरिफ पर जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली के नए टैरिफ के लिए बिजली नियामक आयोग ने पहली बार जनसुनवाई के लिए एक और मौका दिया है। 19 और 20 जून को अलग-अलग वर्गों की जनसुनवाई हो चुकी है। इसमें सभी वर्गों ने एक ही मांग रखी है कि किसी भी वर्ग की बिजली की कीमत न बढ़ाई जाए। आयोग के पास इस बात की जानकारी आई है कि कई लोग जनसुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं और ऐसे लोग एक मौका चाहते हैं। इसलिए अब आयोग ने 30 जून को ऐसे लोगों को मौका देने का फैसला किया है। आयोग के दफ्तर में 30 जून को सुबह 11.30 से 4.30 बजे के बीच किसी भी वर्ग के उपभोक्ता अपनी बात रख सकते हैं।



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा, लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है, लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। यह बात तय है कि टैरिफ में भी महंगी बिजली का झटका लगेगा। नए टैरिफ के लिए दो दिनों तक पहले ही जनसुनवाई हो गई है और अब एक बार फिर से 30 जून को जनसुनवाई होगी।

## रथयात्रा पर पुरी जाने तीन ट्रेनों में बुकिंग बंद, स्पेशल में 254 सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने ट्रेन से पुरी जाने वाले यात्रियों की संख्या पिछले साल की तुलना में इस बार अधिक है। यही वजह है कि रायपुर से भुवनेश्वर जाने वाली 3 प्रमुख ट्रेनों की बुकिंग रथयात्रा से एक सप्ताह पहले ही फुल हो चुकी है। भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस, पुरी एक्सप्रेस और अजमेर-पुरी एक्सप्रेस में स्लीपर से लेकर एसी कोच तक की बुकिंग बंद कर दी गई है। हरिभूमि ने जब इन ट्रेनों की स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि 25 से 26 जून के बीच केवल दुर्ग–पुरी एक्सप्रेस में ही बुकिंग चालू है, लेकिन उसमें भी स्लीपर में वेटिंग 99 तक पहुंच गई है। यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे ने विशेष कदम उठाते हुए गोंदिया से खुर्दारोड के बीच 26, 28, 30 जून और 2 व 5 जुलाई को स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इन स्पेशल ट्रेनों में फिलहाल स्लीपर में 254, थर्ड एसी में 60 और सेकंड एसी में 8 सीटें उपलब्ध हैं। हालांकि स्पेशल ट्रेन होने के कारण इन ट्रेनों में स्लीपर का किराया सामान्य एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में अधिक रखा गया है। इधर,भीड़ से बचने किराये के वाहनों की भी खासी बुकिंग हो रही है।

### वापसी में मिल रहीं कंफर्म सीटें

रायपुर से पुरी के लिए जाने वाली ट्रेनों की बुकिंग पूरी तरह फुल हो चुकी है, लेकिन वापसी को लेकर राहत की खबर है। 28 जून को चलने वाली स्पेशल ट्रेन में 200 से अधिक सीटें खाली हैं। वहीं दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में 78 सीटों पर वेटिंग है, जबकि अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग 40 से 50 तक पहुंच रही है। वेटिंग टिकट कंफर्म होने की संभावना 60 प्रतिशत से अधिक बताई जा रही है। 29 जून को भी यात्रियों को स्पेशल ट्रेन में आसानी से कंफर्म सीटें मिल रही हैं। वहीं 30 जून को चलने वाली तीन अलग-अलग एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर से लेकर एसी कोच तक की 50 से 70 सीटें अब भी खाली हैं।

### लिफ्ट देने के बहाने युवक से लूट की कोशिश, जान बचाने छत से कूदा

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवक ने तीन बदमाशों के खिलाफ लिफ्ट देने के बहाने लूट तथा हत्या करने की नीयत से उस पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बदमाशों से बचने युवक ने छत से कूदकर जान बचाई। पचपेड़ी नाका, छत्तीसगढ़ नगर निवासी छत्रपाल उर्फ पिंटू साहू ने राहुल शर्मा, आदी तथा एक अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। छत्रपाल ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार रात कटोरा तालाब स्थित एक होटल में खाना खाकर पैदल लौट रहा था। इस दौरान उसने बाइक से जा रहे दो लड़कों से पचपेड़ी नाका छोड़ने लिफ्ट मांगा। बदमाश छत्रपाल को पचपेड़ी नाका छोड़ने का झांसा देकर अमलीडीह स्थित एक मकान में ले गए। बदमाश छत्रपाल को कुछ देर में पचपेड़ी नाका छोड़ने की बात कहते हुए अपने एक अन्य साथी के साथ शराब पीने लगे। शराब पीने के बाद तीनों बदमाशों ने छत्रपाल से पैसों की मांग करते हुए मारपीट की। फोन-पे से पैसे ट्रांसफर नहीं करने पर बदमाशों ने छत्रपाल पर चाकू से हमला किया। बदमाशों से बचने छत्रपाल मकान की बालकनी से कूदकर भाग निकला और अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## खबर संक्षेप

### डूंडा की शराब दुकान बंद कराने लगातार जारी है धरना-प्रदर्शन

रायपुर। डूंडा स्थित शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर स्थानीय निवासी पिछले दस दिनों से धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने स्थानीय निवासियों के साथ धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर उनकी मांगों पर तत्काल कार्यवाही करने, शराब दुकान बंद कराने की मांग शासन-प्रशासन से की है। गौरतलब है कि डूंडा के निवासी शराब दुकान हटाने के लिए पिछले दस दिनों से लगातार धरना-प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। विगत दिनों में पंकज शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था। कलेक्टर के आश्वासन के बावजूद अब तक शराब दुकान हटाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि हम सभी मिलकर डूंडा की शराब दुकान को किसी भी हाल में बंद कराएंगे। यदि उक्त शराब दुकान शीघ्र ही नहीं हटाई जाती है तो हम क्रमबद्व आंदोलन करेंगे।
शासन एवं प्रशासन को दुहाई देते-देते हम सभी थक गए हैं, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न करने से ऐसा लगता है कि शराब की हिमायती सरकार को कार्यवाही करना रास नहीं आ रहा है। आम जनता की मांग को दरकिनार कर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इतने दिनों तक धरना-प्रदर्शन करने के बाद भी कोई जवाबदार अधिकारी धरनास्थल पर नहीं आया है।

## निधन

### सुखमान सिंह

**पलारी**। चरौदा निवासी सुखमान सिंह धुव 65 का निधन सोमवार हो गया। उनका अन्तिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे शंकर ध्रुव, महावीर ध्रुव, तिलोकी ध्रुव, कृष्णा ध्रुव के पिता थे।



## पेज 09 के शेष

### डॉ. मुखर्जी ने....

पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र माहले, शशि भूषण शुक्ला, पार्षदगण मनोजकांत पुरेना आदि मौजूद थे। इसी तरह शहर मंडल के विभिन्न बुथों में कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम बेमेतरा, सकरी, कंजी, यदू खम्हरिया, पुरेना खपरी, चरौटी, बलौदाबाजार नगर के पुरानी बस्ती, राम जानकी मंदिर संजय कालोनी, षष्ठी देवी मंदिर सहित सभी बुथों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 14 लीटर शराब ....

कर उसके कब्जे से 14 लीटर अंग्रेजी मसाला शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 8000 आंकी गई है। वहीं आरोपी की मोटरसाइकिल सीजी 22 आर 1142 जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने के बाद जेल भेजा है।

### रिसार्ट के अपशिष्ट...

निकासी निस्तारी तालाब में होने से वहां का पानी दुषित होने की संभावना के साथ ग्रामवासियों को दूषित जल से महामारी फैलने का भय बना है। इसके साथ ही रिसोर्ट के बाहर कचरा प्लास्टिक बोत्तल, शराब की बोतल एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ को यत्रतत्र फेक देते हैं। ग्रामवासियों द्वारा तराक्षु रिसोर्ट को आने जाने के लिये रास्ता प्रदान की गई थी लेकिन तराक्षु रिसार्ट द्वारा सड़क के आसपास की भूमि को भी बेजा कब्जा कर लिया गया।सिंचाई विभाग द्वारा बनाये गये खैरा डायवर्सन के माध्यम से खेतों में आपसी कार्य होता है, जिसके लिये नहर नाली का निर्माण कराया गया है। उक्त नहर नाली पर बने पुलिया को तराक्षु रिसोर्ट द्वारा ऊपर कर दिया गया है, जिससे नहर नाली का जल वहां खेतों में अपासी के लिए नहीं पहुंच पाता। रिसोर्ट द्वारा फेसिंग खुटा डालकर ग्राम के जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है।

---

**आयोजन : खरोरा मंडल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित की संगोष्ठी**

# डॉ. मुखर्जी का बलिदान है राष्ट्रीय सेवा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को खरोरा के बूथ क्रमांक 77 स्थित बूथस्तर कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी के योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और बलिदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प दोहराया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानते हुए एक देश, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान का संकल्प लिया। उनके इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35A को समाप्त कर उनके बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई है।

संगोष्ठी में पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, महामंत्री दुलेश साहू, दीपक धनकर, पार्षद पंचराम यादव, पार्षद मनीषा कोशले,बलराम पारधी, बिसौहा देवांगन,ललित टंडन, उमाशंकर यादव, परस देवांगन, लाला सिंहा, पार्षद तामेश्वर मरकाम, श्रवण भोई, कन्हैया यादव, सावन पमवानी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया।



**प्रखर राष्ट्रभक्त और कुशल राजनीतिज्ञ**

राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने डॉ. मुखर्जी को एक प्रखर राष्ट्रभक्त और कुशल राजनीतिज्ञ बताते हुए कहा, उनका जीवन और बलिदान हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने देश की एकता के लिए जो रास्ता दिखाया, वह आज भी हमें दिशा देता है।

**भारतीय जनसंघ की स्थापना की**

पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी ने डॉ. मुखर्जी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा 1951 में डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति है। उनका नारा दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेंगे कश्मीर को भारत के साथ पूर्ण रूप से एकीकृत करने की उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक था। यह सपना आज मोदी सरकार के प्रयासों से पूरा हुआ है।

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने किया पौधारोपण



**सिमगा।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के बलिदान दिवस पर सिमगा भाजपा मडंल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन करते हुए कहा कि मुखर्जी को उनके राष्ट्रसेवा कार्यों के लिए सदैव याद किया जायेगा। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था नहीं चलेगा नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने परिस्थितियों से समझौता न करते हुए देश के लिए बलिदान हो गए। भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं मडंल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने सभी सोसायटी अध्यक्षों से कहा कि सोसायटी में प्रतिदिन उपस्थित होकर किसानों का सहयोग करें। कभी भी किसान को सोसायटी से खाद बीज लेने में कोई असुविधा न हो। तत्पश्चात पर्यावरण के संतुलन हेतु एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत खेल मैदान में सिमगा मंडल के कार्यकर्ताओं ने आम, नीम, करण, जाम का पौधा रोपण किया। कार्यक्रम में अनिल पांडे, धीरज जैन, सचिन जैन, अभिजीत अवस्थी, विकास सोनकर, टेबू देवांगन, मुकंद रजक, पीताम्बर सोनकर, अनूप तिवारी, परस पाटकर, राहुल साहू, सूर्यकांत ताम्रकार, भोला वर्मा, विनोद वर्मा, चंद्रमणि साहू, भागवत वर्मा, सुनील नायक, प्रशांत देवांगन, सविता मानिकपुरी, अग्रसेन वर्मा, रजनी दुबे, रूखमणी साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## कान्यकुब्ज युवा संगिनी महिला मंडल ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कान्यकुब्ज समाज युवा संगिनी द्वारा ग्राम कानाकोट तहसील पलारी में पौधारोपण अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम से ग्राम काना कोट में पौधों का रोपण किया गया। समिति की महिलाओं द्वारा अपने पूर्वजों के नाम से पौधारोपण किया गया। पौधारोपण में सरपंच चांदनी बांधे एवं ग्रामवासी शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्षा ऋृतु में पौधा रोपण से इसकी देखभाल कम करनी पड़ती है। बरसात के पानी से वह अपनी देखरेख एवं जल की पूर्ति स्वयं कर लेते हैं। ग्राम कानाकोट की सरपंच चांदनी बंदे का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर समिति द्वारा सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष गायत्री शुक्ला, संरक्षक डॉ. प्रभा शुक्ला, दीप्ति मिश्रा, अर्चना त्रिवेदी, नम्रता शुक्ला, रानी वाजपेई, संध्या बाजपेई, प्रीति वाजपेई, श्रद्धा दुबे, प्रेमलता तिवारी, प्रतिमा तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, लीना बाजपेई, शीला दीक्षित, गौरी शुक्ला, स्वाती मिश्रा, पूनम तिवारी, मृणालिनी, तनु, बबली, हर्ष एवं काव्या उपस्थित थे।

## नगर की मूलभूत सुविधाएं होंगी और बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

- नपा में समग्र विभागीय समीक्षा बैठक में लिए गए कई फैसले

नगर पालिका परिषद अंतर्गत नगर की विभिन्न जनसुविधाओं को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रविवार को एक महत्वपूर्ण विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन पालिका परिषद कार्यालय में किया गया। बैठक में जल, विद्युत, स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), राष्ट्रीय योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था, पाइपलाइन मरम्मत, टैंकर वितरण, बोरिंग की स्थिति, मोटर सुधार, फिटर कार्य और नई जल टंकियों के निर्माण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में विद्युत विभाग के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, खराब केबलों की मरम्मत, लाइटिंग टाइमिंग की समन्वयता तथा बंद पड़ी लाइटों को शीघ्र चालू करने की कार्ययोजना पर विचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षा में वार्डवार सफाई व्यवस्था, नालियों की नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन, सफाई वाहनों की उपलब्धता, उपकरणों की मरम्मत, कर्मचारियों के वेतन एवं पदस्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़यि एवं सभापति गण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान, संबंधित पार्षदगण, समस्त विभागीय अधिकारी, जोन प्रभारी एवं अन्य प्रशासनिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



जनप्रतिनिधियों ने भी क्षेत्र की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े सुझाव बैठक में रखे, जिन पर गंभीरता से मंथन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा हमारा प्राथमिक लक्ष्य नगर की प्रत्येक मूलभूत सुविधा को बेहतर बनाना है। विभागीय समन्वय और पारदर्शिता के साथ हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर योजना का लाभ समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुंचे। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के अंत में यह सुनिश्चित किया गया कि सभी संबंधित विभाग त्वरित समाधान की दिशा में समन्वित रूप से कार्य करें और सेवा तंत्र को अधिक सशक्त बनाएं, जिससे जनसुविधाएं और अधिक प्रभावी रूप में नागरिकों तक पहुंच सकें।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

बलौदाबाजार। शासन की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के आदिवासी बाहुल्य 46 गांव में विशेष शिविर का आयोजन 15 जून से किया जा रहा है। गांव में शिविर लगने से आदिवासी परिवारों क्रो योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है, जिससे उनके चेहरे में ख़ुशी झलक रही है। बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम बेमेतरा निवासी संतोष कुमार ध्रुव ने शिविर क्रो फायदेमंद बताते हुए कहा कि इस शिविर में परिवार के सदस्यों का आधार और राशन कार्ड में नाम जुड़वाया। शिविर लगने से किसी दफ्तर जाने की जरूरत नहीं पड़ी, विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहायता की। संतोष कुमार ध्रुव ने शिविर आयोजित करने पर शासन-प्रशासन क्रो धन्यवाद देते हुए कहा ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए ताकि लोगों क्रो योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। इसी तरह अपनी बहू का निवास प्रमाण पत्र बनवाने आई बेमेतरा निवासी सुनयना पैकरा ने बताया कि शिविर में ही निवास प्रमाण पत्र बन रहा है, जिससे तहसील जाने की जरूरत नहीं पड़ी। बताया गया कि बेमेतरा में 148 परिवार हैं, जहां 15 जून से शुरु हुए विशेष शिविर में अब तक 2 लोगों का पेन कार्ड, 6 जनधन खाता, 1 निराश्रित पेंशन, 60 लोगों का सिकलसेल जांच, 83 लोगों का आधाऱ अपडेशन, 72 आयुष्मान कार्ड, 5 जॉब कार्ड, 96 जाति एवं निवास प्रणाम पत्र, 4 राशन कार्ड एवं 11 पीएम सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हुए हैं। शिविर 30 जून तक चलेगी।



## सरपंच पर टंगिया से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

ग्राम खैरी में सरपंच पर टंगिया से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी ने इस घटना को पुरानी रंजिश पर अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस जांच में जुटी है।

खैरी निवासी सरपंच सरजू ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम में अतिक्रमण कर मकान बनाने की बात को लेकर आरोपी श्रीराम ध्रुव प्रार्थी से रंजिश रखता था, 21 जून को सुबह लगभग 6.45 बजे प्रार्थी गांव में घूमने निकला था कि आरोपी 52 वर्षीय श्रीराम ध्रुव पीछे से आया एवं अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रख लोहे की टंगिया से प्रार्थी पर जानलेवा हमला किया, जिससे प्रार्थी के सिर में गंभीर चोंट आयी है। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 109(2), 296 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी श्रीराम ध्रुव को हिरासत में लिया, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके द्वारा गांव में अतिक्रमण कर मकान निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर सरपंच द्वारा पंचायत से प्रस्ताव बनाकर तहसीलदार कार्यालय भेजा गया है, इस कारण वह ग्राम सरपंच से रंजिश रखता है और इसी रंजिश एवं आवेश में आकर आरोपी द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से उस पर लोहे की टंगिया से हमला करना स्वीकार किया गया। आरोपी को 23 जून गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## एक्यूप्रेशर सुजोक वाइब्रेशन एवं चुंबकीय शिविर में लाभान्वित हुए मरीज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 6 दिवसीय एक्यूप्रेशर सुयोग वाइब्रेशन एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञ डाक्टर द्वारा इलाज किया गया। शिविर में पुराना सर दर्द, आंख, कान, गला, घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस लकवा, मानसिक तनाव, सर्वाइकल दर्द घुटनों में दर्द बवासीर संहिता अनेक बीमारियों का इलाज बिना दवाई एक्यूप्रेशर मसाज सुजोक चुंबकीय एवं वाइब्रेशन थेरेपी से किया गया। इसमें सभी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना उपचार कराया प्रतिदिन 15 से 20 मिनट तक का इलाज किया जाता था।

6 दिनों के लिए मात्र 100 में रजिस्ट्रेशन फीस रखी गई थी। चुंबकीय शिविर का समापन सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा श्रीफल साल एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, सुशील तिवारी, बीड़ी दीवान, नरेंद्र शुक्ला, आर्यन शुक्ला, डॉ. सनम जांगडे, रामाधार पटेल प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक मनोज दुबे, प्रमोद शुक्ला, राजेश द्विवेदी, प्रभाकर मिश्रा, नरेश मिश्रा, सुरेंद्र वाजपेई, दीपक, आशुतोष शर्मा, दिनेश बाजपेई, शशि शुक्ला, प्रसन्न दीवान, नागेश्वर दिलीप, महाजन, रिचा द्विवेदी, नीतू शुक्ला, श्रद्धा दुबे, धनेश्वरी शर्मा, धागे मैडम, छाया पांडे, सुष्मिता शुक्ला, विनीत मिश्रा, विनम्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

**सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति जैसे योगासनों का अभ्यास कराया**

# देवरहा के ग्रामीणों ने पांच दिनों तक किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पवनी

स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और ग्रामीण जनसंख्या में योग के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से ग्राम देवरहा में एक विशेष योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। यह शिविर 17 से 21 जून तक आयोजित किया गया।आयोजन का नेतृत्व जिला आयुष अधिकारी बलौदाबाजार डॉ. गोदावरी पैकरा तथा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्चना खटी के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक व्यास नारायण चौहान ग्रामीणों को योग की बारीकियों से अवगत कराया।

इस पांच दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनमानस को योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक, मानसिक व आत्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। वर्तमान समय में अनियमित जीवनशैली, मानसिक तनाव और शारीरिक निष्क्रियता ने आम जनजीवन को अनेक बीमारियों की ओर धकेल दिया है। ऐसी स्थिति में योग न केवल रोगों से लड़ने में सहायक है, बल्कि यह व्यक्ति को एक समग्र और संतुलित जीवन की ओर प्रेरित करता है। योग प्रशिक्षक व्यास नारायण चौहान ने प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे तक योगाभ्यास कराया। इस सत्र में सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति, ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन जैसे महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रत्येक योगासन के साथ उसके लाभ, सही तकनीक और सावधानियों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान ध्यान एवं प्राणायाम पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि प्रतिभागियों को मानसिक तनाव, अनिद्रा, चिंता जैसी समस्याओं से निजात दिलाई जा सके। शिविर में गांव की गृहिणियां, छात्र-छात्राएं इस योगाभ्यास में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। महिला प्रतिभागी गीता बाई कहती हैं, पहले तो हम योग को सिर्फ शहरों की चीज़ समझते थे, लेकिन अब यहां खुद सीखकर समझ में आ रहा है कि यह हमारे जीवन के लिए कितना ज़रूरी है।





सुमन यादव ने कहा, शिविर के पहले दिन ही मुझे शरीर में हलकापन महसूस हुआ। अब मैं नियमित योग करने का संकल्प ले रहा हूं। इस शिविर में ग्राम पंचायत देवरहा, स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कर्मचारी, स्कूल शिक्षकों एवं ग्रामीण स्वंयसेवकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। ग्राम सरपंच नंदिनी कैवर्त ने कहा योग न केवल स्वास्थ्य लाभ देता है, बल्कि यह गांव में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है।

डॉ. गोदावरी पैकरा ने कहा, हमारा प्रयास है कि हर गांव में योग की नींव रखी जाए। यह केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवनशैली है। यदि गांव के लोग योग से जुड़ते हैं तो भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बोझ कम होगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**फार्म "अ"**

**सार्वजनिक सूचना**

क्रमांक/125/अ.कले./रीडर/विवाह/ 2025
बलौदाबाजार, दिनांक 17/06/2025

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र कुमार वर्मा (वर) पिता नरसिंह वर्मा निवासी ग्राम ढाबाडीह थाना व तहसील बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग) एवं आवेदिका तेजस्वनी (वधु) पिता शिवकुमार ध्रुव निवासी ग्राम केशडबरी थाना व तहसील बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार - भाटापारा (छ.ग) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः प्रस्तावित विवाह के विरुद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति/संस्था इस संबंध में दिनांक 17/07/2025 समय 03:00 बजे के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

आज मेरे द्वारा दिनांक 17/06/2025 को हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप





### सशिमं में हुआ योग

**खरोरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सरस्वती शिशु मन्दिर तरपोंगी में प्रधानाचार्य तुलसी राम वर्मा के सानिध्य में योग कार्यक्रम हुआ। इसमें संध्या, महानन्दे द्वारा योग का महत्व बताते हुए योग, ब्रह्म नाद और योग मंत्र से प्रारम्भ की, जिसमें सुखासन, पद्मासन, अर्धपदमास्न, बज्र आसन, शशांक आसन, त्रिकोण आसन, वृक्षासन, वीरभद्र आसन आदि कराया गया। 10 मिनट का व्यायाम श्रृखंला आकांक्षा महानन्दे और भानुमती दीदी द्वारा कराया गया और अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान में योग दिवस मना



खरोरा। राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पीके राय, वैज्ञानिकगण, कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित रहे और सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर विशेष ध्यान दिया गया। डॉ. पीके राय ने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने पर ज़ोर देते हुए स्वस्थ शरीर और संतुलित मन के लिए योग के महत्व को रेखांकित किया। इस वर्ष के वैश्विक विषय आत्मा और समाज के लिए योग के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने सभी को स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### छात्रों ने किया अनुलोम विलोम और प्राणायाम योग




**सुहेला।** सत्यम पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में ताड़ासन, मंडूकासन, धनुरासन आदि के साथ-साथ प्राणायाम जैसे कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम विलोम, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही यौगिक जॉगिंग के माध्यम से बच्चों को शरीर को सशक्त बनाने के उपाय बताए गए। योग शिक्षकों ने बच्चों को पढ़ाई से पहले नियमित ध्यान मेडिटेशन करने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि योग के साथ पढ़ाई करने से एकाग्रता और समझ में वृद्धि होती है। बच्चों को संतुलित खान-पान अपनाने, फास्ट फूड से दूर रहने, मोबाइल और सोशल मीडिया के सीमित उपयोग की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को माता-पिता की आज्ञा मानने, अधिक अध्ययन करने और अनुशासित जीवन जीने के महत्व को समझाया गया। समस्त आयोजन अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा।

### युवक को जबरन बाइक पर बैठाया, चाकू मारकर लूटा

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुजारी पार्क के पास एक युवक को जबरन अपनी बाइक में बैठाकर कमल विहार में चाकू से गला, नाभि, जांघ तथा शरीर के अन्य भागों में चाकू से प्राणघातक हमला कर तीन हजार लूट की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट, हत्या की कोशिश सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। उमेश पाटर ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपने भाई हीरालाल पाटर के साथ लूट तथा हत्या की कोशिश करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया कि उसका भाई बुधवार को पुजारी पार्क के पास अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में गया था।

# 700 विद्यार्थियों का स्कूल भवन जर्जर, घट सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

बालपुर स्थित सेजेश स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल इन दिनों बेहद जर्जर स्थिति में है। क्षेत्र और आसपास के गांवों से आने वाले लगभग 700 विद्यार्थी इस स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन संसाधनों की कमी और जर्जर भवनों में पढ़ाई करना बच्चों के लिए अब खतरे का कारण बनता जा रहा है। विद्यालय में पर्याप्त कक्ष नहीं होने के कारण बच्चों को अतिरिक्त भवनों और कमरों में पढ़ाया जा रहा है, जिनकी स्थिति बेहद दयनीय है। कई कमरों की छत से बड़े-बड़े प्लास्टर के टुकड़े गिरना आम बात हो गई है, जिससे विद्यार्थियों की जान को भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने बताया कि यदि समय रहते मरम्मत और सुरक्षा के उपाय नहीं किए गए, तो भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है, विशेष रूप से आगामी वर्षा ऋतु के दौरान। वर्षों से यह स्कूल शैक्षणिक स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित कर चुका है, फिर भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना विचारणीय है। ग्रामीणों, पालकों, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने प्रशासन और शासन से पुनः गुहार लगाई है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए स्कूल की शीघ्र मरम्मत कराई जाए और नए भवन निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए, ताकि क्षेत्र के नौनिहालों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार मिल सके।

**छात्रों और पालकों ने की मरम्मत और नया भवन निर्माण की मांग**





**कार्रवाई शून्य रही**

विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने बताया कि पिछले वर्षों में कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से नए भवन निर्माण को लेकर आग्रह किया गया, लेकिन अब तक केवल घोषणाएं ही हुई हैं। कार्रवाई शून्य रही है।

### आयोजन : प्रदेश के 17 जिले से शामिल हुए सफाई मित्र

# गिरौदपुरी में लगा स्वच्छता मेला, मंदिर परिसर सहित कई स्थलों पर की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गिरौदपुरी स्वच्छता सेवा समिति ने सतनामी समाज की धर्मस्थली गिरौदपुरी धाम में 22 जून को एक दिवसीय विशाल स्वच्छता मेला का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश के 17 जिलों से आए स्वच्छता मित्रों ने गिरौदपुरी मुख्य मंदिर परिसर, विशाल जैतखाम, चरण कुंड, अमृत कुंड, दर्शनार्थी शेड में साफ-सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। ग्राम किरारी मस्तुरी से लगभग 30-35 की संख्या में सतनामी समाज के लोग गिरौदपुरी धाम की स्वच्छता में विशेष सहयोग किये।

उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व सतनाम शिक्षा नवसृजन समिति के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार बंजारे ने किया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरिता पात्रे महिला समिति कोटा, प्रिंस क्राऊन मिरी सतनाम आर्मी एकता मिशन कोरबा, अश्वनी खांडे नशामुक्ति अभियान बिलासपुर, गोपाल चंदानिया स्वच्छता मुहिम दुर्ग एवं लगातार 3 वर्षों से स्वच्छता कार्यक्रम पर रहे। विरेन्द्र बंजारे को आयोजक समिति की ओर से सम्मानित किया गया। विभिन्न जिलों से आए स्वच्छता मित्रों एवं उक्त स्वच्छता कार्यक्रम में श्रमदान करने वालों को समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

अभियान अंतर्गत आनंद प्रकाश मिरी सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरंक्षक सतनाम शिक्षा नवसृजन समिति मुख्य आतिथ्य में वैचारिक सभा संपन्न हुई, जिसका संचालन इतवारी राम मधुकर ने किया, जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों, गिरौदपुरी निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। समाज की मूलभूत मांग को शासन प्रशासन तक पहुंचाने की बात कही गई। स्वच्छता मुहिम के मुख्य सूत्रधार एवं गिरौदपुरी स्वच्छता सेवा समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष किरण कुमार बघेल विभिन्न जिलों से आए स्वच्छता मित्रों का आभार व्यक्त किया एवं सभी ने गिरौदपुरी धाम को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से डॉ. नरेन्द्र बघेल, देवेन्द्र बांधे, कामता प्रसाद सोनवानी, गोल्डी डहरिया, गुडन मल्होत्रा, मंजीत खूंटे, तुलसी खूंटे, मनीष सतनामी, पुनाराम सोनवानी, राकेश नारायण बंजारे, सुकृत बंजारे, देवेन्द्र बंजारे, आदित्य खुंटे, राजकुमार मल्होत्रा, राहुल बंजारे, संदीप बंजारे, प्रीतम पाटले, सुमित खुंटे, हिमांशु कुर्रे, महेश दिवाकर, राजकुमार डहरे, टोरेंस लहरे, सुरेंद्र लहरे, राम पंकज, गौकरण सिंह डहरिया सहित समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रहीं।




**सेल्फी प्वाइंट लगाया**

स्वच्छता समिति ने मुख्य मंदिर के समीप स्वच्छता संकल्प का सेल्फी पाइंट लगाया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने सेल्फी लेकर गिरौदपुरी धाम को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। गिरौदपुरी धाम के लगभग 30 व्यापारियों को संस्था की ओर से डस्टबिन का निःशुल्क वितरण अतिश सतनामी जिला प्रभारी सतनाम सेना की उपस्थिति में किया गया।

# कल्प संस्था जैविक खेती को बढ़ावा देने में जुटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

कल्प समाज सेवी संस्था द्वारा गरीब तथा आदिवासी परिवार की आजीविका को सुधारने के लिए एक सतत आदिवासी आजीविका परियोजना के माध्यम से जो परिवार बहुत ज्यादा गरीब है तथा छोटे,मध्यम किसान है जो जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान से बचने के लिए किसानों को धान तथा मिश्रित विधि से लगाने के लिए उड़द, मूंग, मूंगफली, तिल, कोचई, हल्दी, अदरक अन्य बीज निःशुल्क रूप से सहयोग किया जा रहा है। कल्प समाज सेवी संस्था के एक क्षेत्र समन्वयक हरिशंकर डडसेना ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक 33 गांव में किसान समूह बनाकर किसानों को बैठक के माध्यम से जैविक खेती संबंधित प्रशिक्षण व जानकारी दी जाती है। संस्था द्वारा किसानों को बीज तथा जैविक खाद निर्माण के लिए ड्रम तथा अन्य सामग्री का भी सहयोग किया जाता है और बीज की समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा खोसड़ा , अर्जुनी म, सोनाखान, भीमभोरी, देवतराई पंचायत में बीज बैंक का निर्माण किया है, जहां सभी प्रकार की धान व अन्य बीज मिले और किसानों को बाजार से खरीदकर ना लाना पड़े। साथ ही इस वर्ष संस्था द्वारा सोनाखान, अर्जुनी, खोसडा ,पंचायत क्षेत्र में भी देशी धान मधुराज, परेवा, गुरमटिया, देवभोग, दुबराज, पलटू, लोकटी माछी, रानिकाजर, सेला, नगरी दुबराज, झोलर, लुच्चई, बासमती, जावा फुल जैसे 35 प्रकार के धान बीज एकत्र कर किसानों को जागरूक कर देशी धान लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# लवन भाजपा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

भाजपा मंडल लवन ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें मंडल अध्यक्ष पद पर अनुपम बाजपेयी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं गोविंद घुतलहरे को कोलिहा से जिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है नवनियुक्त कार्यकारिणी में हेमंत साहू कोयदा, फुलसाय साहू करदा, तृप्ति विश्वास लवन एवं तोष कुमार यादव अहिल्दा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। नरेश साहू करदा और चंद्रभूषण वर्मा मुंडा को महामंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी गई है, जबकि धनुष टंडन लवन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इनके अतिरिक्त कार्यकारिणी में संतोष लहरे चिरचिरदा, धनीराम घुतलहरे परसाडीह, दुलार ध्रुव पंडरिया, समविवेक दास मानिकपुरी अमलीडीह, अमीता वर्मा कोलिहा, नरोत्तम साहू मरदा, विजय साहू लाटा, इंदिरा कैवर्त्य सोलहा, रघुनाथ पैकरा सरसखोर, चम्पादेवी क्षत्रिय कुम्हारी और महासिंग यादव कैलासगढ़ नंदा पटेल - चितावर, उमेश साहू - सुनसुनिया, रुखमणी वर्मा - मुंडा, बिजरतन लोधी - कुम्हारी, गुलाब बाई वर्मा - कोरदा, कुसुम बाई वर्मा - सर्वडीह, सत्यावती सेन - लवन, गीतांजलि तिवारी - लवन, नेहा देवी वर्मा - लवन, रामसुंदरी वर्मा - बगबुड़ा, परमेश्वरी वर्मा - बरदा, मंजू बघेल - सरखोर, नम्रता वर्मा - डोंगरा आदि शामिल है।

**इनका हुई नियुक्ति**

मंत्रियों की सूची में रमन साहू सरसखोर, रानी यादव अमलीडीह, शांति देवी कोसले सरसखोर और उषा साहू तुरमा शामिल हैं। दिलीप बंन्दे को कार्यालय मंत्री खम्हरिया, पंकज अग्रवाल को मीडिया प्रभारी लवन, योगेश सिंघम को सोशल मीडिया प्रभारी लवन और मनेंद्र जयसवाल को प्रचार प्रसार प्रमुख लवन नियुक्त किया गया है। स्नेहा यादव खैरा को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है।

# शिव महापुराण कथा में शामिल हुए राजेश्री महंत रामसंदर दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज जिला दुर्ग के ग्राम निकुम में आयोजित शिव महापुराण कथा में सम्मिलित हुए। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य प्रदीप मिश्रा ने लोगों को शिव महापुराण की कथा सुनते हुए कहा कि- हमारे बीच में शिवरीनारायण के महाराज का पदार्पण हुआ है।

छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी स्थान पर जब हमारी शिव महापुराण कथा होती है उसमें महाराज एक न एक दिन आवश्यक पधारते हैं। उन्होंने राजेश्री महन्त महाराज को मंच पर आमंत्रित किया। महाराज ने शाल, श्रीफल के साथ आचार्य को पारिजात पुष्प भेंट किया। जिसे उन्होंने शिव महापुराण के व्यास पीठ पर चढ़ाया। उल्लेखनीय है कि लोकमान्यता के अनुसार पारिजात के वृक्ष को स्वर्ग से लाया हुआ वृक्ष माना जाता है, उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जिले में पारिजात धाम है, यहां पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय व्यतीत किया था। माता कुंती ने यहां कुन्तेश्वर महादेव की स्थापना की। उन्होंने भगवान शिव की पूजा के लिए पारिजात पुष्प की कामना की, तब अर्जुन ने स्वर्ग से यह वृक्ष लाकर उन्हें प्रदान किया। यह दुर्लभ वृक्ष दूधाधारी मठ में भी स्थित है। राजेश्री महन्त महाराज के साथ शिव महापुराण की कथा का रसपान करने के लिए सुरेश शर्मा, निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे विशेष रूप से उपस्थित हुए।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में कराया योगाभ्यास

**महासमुंद।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में महासमुंद पतंजलि योग प्रशिक्षक तिलक साव के सानिध्य में संस्थान के ब्रम्हा कुमार कुमारी भाई बहनों ने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगासन प्राणायाम किया। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर लिया। तिलक साव ने योग विभिन्न क्रियाएं जैसे कपाल भारती, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम आदि आसनों को नित्य प्रति दिन करने के फायदों से अवगत कराया।

# मुंडा में हुई परगिया कुर्मी समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा कुर्मी सामाजिक भवन में रविवार को छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की बैठक आहुत की गई, जिसमें मृत सामाजिक सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाज अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा द्वारा समाज में आए हुए सभी सामाजिकजनों का अभिवादन करते हुए नियमावली संशोधन का प्रस्ताव रखा, जिसमें कुछ नियमों को यथावत रखते हुए कुछ नियमों में संशोधन करने की चर्चा की गई। आगामी बैठक 2 जुलाई को बुलायी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष लहा राम वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, सह सचिव नंदराम वर्मा, ऑडिटर पापू वर्मा, यावत वर्मा, लोकपाल धरम वर्मा, परस वर्मा, रघु वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, सलाहकार रामावतार वर्मा, कोमल प्रसाद वर्मा, अवध राम वर्मा, मेहतर वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, कार्यकारिणी चंद्र विष्णु वर्मा, भोला वर्मा, अशोक, महेश, लोमस, बलराम, गणपत, मुन्नालाल, मनबोध, उत्तम वर्मा सहित समाज के लोग सम्मिलित रहे।

### प्रकृति संरक्षण का लिया संकल्प

# योग दिवस पर आयोजित हुआ पौधा पूजन अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



सरयू साहित्य एवं नगर के सुधिजनों द्वारा अखंड रामनाम सप्ताह में पौधा पूजन व्यक्ति की पुष्टता एवं स्वस्थ मन और शरीर के लिए अहम आवश्कता है योग, सनातन सभ्यता की इस अहम कृति को अब विश्व स्तर पर स्वीकार्यता एवं मान्यता मिल गई है, जिसका विराट परिदृश्य प्रतिवर्ष 21 जून को देखने में आता है। जब समूची दुनियां योगमय हो जाती है, इस वर्ष भी चहुंओर इसका दिव्य एवं भव्य नजारा दिखाई दिया। घरों से लेकर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में केवल योग की ही अभिव्यक्ति नजर आयी ।

सुबह सबेरे जहां भाटापारा में योग आसनों की दिव्य बानगी नजर आयी एवं जगह-जगह योगमय वातावरण दिखाई दिया। वहीं संध्या पांच बजे प्रकृति वंदन की कड़ी भी अभिव्यक्त हुई। सरयू साहित्य परिषद एवं नगर के सुधिजनों द्वारा अक्षय तृतीया से प्रकृति संरक्षण अभियान का सूत्रपात किया गया है, जिसके तहत विभिन्न आयामों के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों में प्रकृति जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पौधापूजन के माध्यम से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के भावना का भी प्रसार किया जा रहा है, जिसकी अभिव्यक्ति अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर भी हुई। योग जैसे महत्वपूर्ण आयाम को प्रकृति के नाम करते हुए अभियान समिति द्वारा संकल्प सिद्धी के प्रतीक स्थल अखंड राम नाम सप्ताह मंडप स्थल में पौधापूजन अनुष्ठान आयोजित किया गया, जिससे प्रकृति संरक्षण के प्रति मनोयोग में वृद्धि एवं प्रकृति को लेकर सम्मान की भावना को विस्तार प्राप्त हो एवं पौधापूजन वंदन अभिनंदन से प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं प्रतिबद्धता का भाव सुनिश्चित हो। उपस्थितजनों की उपस्थिति में पौधापूजन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तथा विभिन्न प्रकल्पों एवं वर्गों से उपस्थितजनों द्वारा पौधापूजन किया गया तथा प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया।

